# राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# मार्च, 2022

प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए सम-सामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

**Useful For All Competitive Exams**









संजीव प्रकाशन, जयपुर

website : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी मार्च, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 March, 2022

- **दिसम्बर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर में कमी आई: कृषि क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ–**

भारत की वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर रही है।

दिसम्बर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 5.4% रही है। यह कमी कृषि क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन, मैन्यूफैक्चरिंग आउटपुट में कमी, और निवेश के कारण हुआ।

कृषि क्षेत्र की ग्रोथ रेट 2.6 प्रतिशत रही जो कि गतवर्ष समान अवधि में 4.1 प्रतिशत रही थी।

केन्द्र सरकार के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में जीडीपी ग्रोथ रेट 8.9 प्रतिशत रह सकती है। यह 2020-21 में -6.6 प्रतिशत रही थी।

**अर्थव्यवस्था का गत तिमाही आधार पर प्रदर्शन**

| तिमाही | जी.डी.पी. ग्रोथ ( प्रतिशत में ) |
|---|---|
| सितम्बर, 2020 | -7.3 |
| दिसम्बर, 2020 | 0.4 |
| मार्च, 2021 | 1.6 |
| जून, 2021 | 20.1 |
| सितम्बर, 2021 | 8.4 |
| दिसम्बर, 2021 | 5.4 |

**अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टर का प्रदर्शन**
**( दिसम्बर तिमाही 2021-22 )**

| सेक्टर | विकास दर ( प्रतिशत में ) |
|---|---|
| कृषि क्षेत्र | 2.6 |
| माइनिंग | 8.8 |
| मैन्युफैक्चरिंग | 0.2 |
| कंस्ट्रक्शन | -2.8 |
| इंडस्ट्री | 0.2 |
| होटल/ट्रांसपोर्ट | 4.2 |

- **माधवी पुरी बुच को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ( सेबी ) का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने माधवी पुरी बुच को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन नियुक्त किया है। ये सेबी की 10वीं चेयरपर्सन हैं।

इनसे पूर्व सेबी चेयरमैन अजय त्यागी का कार्यकाल 28 फरवरी, 2022 को समाप्त हो गया।

माधवी पुरी बुच सेबी प्रमुख (सेबी का शीर्ष पद) के पद पर पहुँचने वाली पहली महिला है।

## News Paper of 4 March, 2022

- **भारतीय महिला टीम ने वर्ल्ड कप के एयर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता–**

हाल ही में भारतीय महिला टीम ने वर्ल्ड कप के एयर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। इसमें भारतीय टीम ने जर्मनी को 16-6 से हराया। भारतीय टीम में एशा सिंह, रूचिता विनेरकर और निवेधा श्री शामिल हैं।

## News Paper of 5 March, 2022

- **क्रिकेट के महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न का निधन–**

4 मार्च, 2022 को ऑस्ट्रेलिया के महान लेग स्पिनर क्रिकेट खिलाड़ी शेन वार्न का 52 वर्ष की अवस्था में थाइलैंड के कोह समुई में निधन हो गया। उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ।

शेन वार्न विश्व के सफलतम गेंदबाजों में जाने जाते थे।

**शेन वार्न के सम्बन्ध में तथ्य–**

- टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज।
- 5 बार एशेज ट्राफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।
- 1999 में विश्वकप विजेता ऑस्ट्रेलिया टीम का हिस्सा थे।
- 2008 में IPL विजेता राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे।

- **थाइलैंड के 102 वर्षीय एथलीट सवांग जनप्राम ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में विश्व रिकॉर्ड बनाया–**

4 मार्च, 2022 को थाइलैंड के 102 वर्षीय एथलीट सवांग जनप्राम ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 27.08 सैकंड में पूरी



संजीव प्रकाशन

कर इस उम्र में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने थाइलैंड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 से 105 वर्ग की 100 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

## News Paper of 6 March, 2022

- **ब्रह्मोस मिसाइल के एडवांस वर्जन का सफल परीक्षण किया गया–**
  5 मार्च, 2022 को भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल के एडवांस वर्जन का सफल परीक्षण किया। यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल आइएनएस चैन्नै से छोड़ी गई। एडवांस वर्जन में मारक क्षमता कई गुना अधिक है।
- **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने कोविड-19 व यूक्रेन-रूस/विदेशी युद्ध से प्रभावित भारतीय मेडिकल छात्रों को देश में ही इन्टर्नशिप करने की सुविधा देने का आदेश जारी किया–**
  मार्च, 2022 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के आदेश अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते कोविड व युद्ध से प्रभावित विदेशी मेडिकल स्नातक भारतीय विद्यार्थी जो किसी भी कारणवश अपनी 'इन्टर्नशिप' पूरी नहीं कर सके हैं, वे इसे भारत में ही पूरा कर सकेंगे। इस आदेश का पालन राज्यों की चिकित्सा परिषदों को भी करना होगा।
  भारत में इन्टर्नशिप करने वाले विदेशी मेडिकल छात्रों से इन्टर्नशिप हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- **दुनिया का सबसे बड़ा शिप लॉन्च–**
  हाल ही में अमेरिका के फ्लोरिडा के पोर्ट में रॉयल कैरेबियन का दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज यात्रा के लिए समुद्र में उतारा गया है। यह वंडर ऑफ सीज क्रूज 2.40 लाख टन वजनी है और इसमें 6,988 यात्रियों और 2300 क्रू के लिए कमरे उपलब्ध है। यह क्रूज 1,118 फीट लम्बा और 210 फीट चौड़ा है।

## News Paper of 7 March, 2022

- **एशियाई नौकायन चैंपियनशिप में भारतीय नाविकों ने कुल नौ पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य) जीते–**
  5 मार्च, 2022 को एशियाई नौकायन चैंपियनशिप में भारतीय नाविकों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत कुल नौ पदक जीते। इससे तीन स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य जीते हैं।
- **भारत के पहले स्वदेशी ट्रेनर विमान हंस-एनजी ने समुद्र स्तरीय परीक्षण सफलता पूर्वक पूरे किए–**
  हाल ही में भारत के पहले स्वदेशी ट्रेनर विमान हंस-एनजी ने पुद्दुचेरी में समुद्र स्तरीय परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए है।

## News Paper of 9 March, 2022

- **राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 29 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया–**
  8 मार्च, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 29 महिलाओं को 28 नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया।
  इनमें वर्ष 2020 के 14 पुरस्कार के लिए 15 महिलाओं एवं वर्ष 2021 के 14 पुरस्कारों के लिए 14 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। दो महिलाओं को संयुक्त रूप से पुरस्कार के लिए चुना गया है। नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित महिलाएं निम्न है–

**नारी शक्ति पुरस्कार, 2021**

| क्र.सं. | नाम | राज्य | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | सथुपति प्रसन्ना | आंधप्रदेश | भाषा–विज्ञानी–अल्पसंख्यक जनजातीय भाषा का संरक्षण |
| 2. | तागे रीता ताखे | अरुणाचल प्रदेश | उद्यमी |
| 3. | मधुलिका रामटेक | छत्तीसगढ़ | समाजसेवी |
| 4. | निरंजनाबेन मुकुलभाई कालार्थी | गुजरात | लेखिका और शिक्षाशास्त्री |
| 5. | पूजा शर्मा | हरियाणा | किसान और उद्यमी |
| 6. | अंशुल मल्होत्रा | हिमाचल प्रदेश | बुनकर |
| 7. | शोभा गस्ती | कर्नाटक | समाज सेवी–देवदासी प्रथा उन्मूलन के लिये कार्य |
| 8. | राधिका मेनन | केरल | कप्तान मर्चेंट नेवी–आईएमओ द्वारा समुद्र में असाधारण वीरता दिखाने के लिये पुरस्कृत पहली महिला |
| 9. | कमल कुम्भार | महाराष्ट्र | सामाजिक उद्यमी |
| 10. | श्रुति महापात्रा | ओडिशा | दिव्यांगजन अधिकार कार्यकर्ता |
| 11. | बतूल बेगम | राजस्थान | मांड और भजन लोक गायन |
| 12. | तारा रंगास्वामी | तमिलनाडु | मनोचिकित्सिक और शोधकर्ता |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | नीरजा माधव | उत्तर प्रदेश | हिन्दी लेखिका-ट्रांसजेंडरों और तिब्बती शरणार्थियों के लिये कार्य |
| 14. | नीना गुप्ता | पश्चिम बंगाल | गणितज्ञ |

**नारी शक्ति पुरस्कार, 2020**

| क्र.सं. | नाम | राज्य | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | अनिता गुप्ता | बिहार | सामाजिक उद्यमशीलता |
| 2. | उषाबेन दिनेशभाई वसावा | गुजरात | जैविक किसान और जन-जातीय स्वयंसेवी |
| 3. | नासिरा अख्तर | जम्मू एवं कश्मीर | नवोन्मेषी-पर्यावरण संरक्षण |
| 4. | संध्या धर | जम्मू एवं कश्मीर | समाज सेवी |
| 5. | निवृत्ति राय | कर्नाटक | कंट्री हेड, इंटेल इंडिया |
| 6. | टिफेनी ब्रार | केरल | समाजसेवी-दृष्टि बाधितों के लिये कार्य |
| 7. | पद्मा यांगचान | लद्दाख | लद्दाख क्षेत्र में भूली-बिसरी पाक कला और वस्त्र को दोबारा जीवित करना |
| 8. | जोधाइया बाई बैगा | मध्य प्रदेश | जनजातीय बैगा चित्रकार |
| 9. | सायली नंदकिशोर अगवाने | महाराष्ट्र | डाउन सिंड्रोम से पीड़ित कथक नृत्यांगना |
| 10. | वनिता जगदेव बोराडे | महाराष्ट्र | सांपों को बचाने वाली पहली महिला बचावकर्ता |
| 11. | मीरा ठाकुर | पंजाब | सिक्की ग्रास कलाकार |
| 12. | जया मुथू और तेजम्मा | तमिलनाडु | संयुक्त रूप से, कलाकार-टोडा कढ़ाई |
| 13. | इला लोध (मरणोपरान्त) | त्रिपुरा | प्रसूति विज्ञानी और स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| 14. | आरती राणा | उत्तर प्रदेश | हथकरघा बुनकर और शिक्षक |

- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने आम लोगों के लिए यूपीआई 123पे शुरु की : फीचर फोन (साधारण कीपेड मोबाइल) से डिजिटल पेमेंट कर सकेंगे–**

8 मार्च, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने आम लोगों के लिए यूपीआई (UPI) 123पे शुरु की। अब आम लोग भी यूपीआई 123पे के माध्यम से फीचर फोन (साधारण मोबाइल) से डिजिटल पेमेंट कर सकेंगे। इसके लिए इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता भी नहीं है।

डिजिटल पेमेंट के लिए 24 × 7 हेल्पलाइन-डिजिसाथी सेवा (1443) और 1800 891 3333 भी शुरु की गई है। इसे एनपीसीआई (NPCI) ने तैयार किया है। यूपीआई 123पे से पेमेंट करने के लिए बैंक खाते को फीचर फोन से लिंक करना होगा तथा निम्न स्टेप अपनाने होंगे–

- ♦ आईवी आर नम्बर 08045163666 पर कॉल करना होगा।
- ♦ मनी ट्रांसफर विकल्प चुनने के बाद पैसे भेजने वाले का मोबाईल नंबर का चयन करना होगा।
- ♦ राशि और यूपीआई पिन दर्ज करना होगा।
- ♦ पे ऑप्शन पर OK करना होगा।

NPCI के अनुसार, यूपीआई से भुगतान लगातार बढ़ रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में यूपीआई द्वारा लगभग 76 लाख करोड़ रुपए का लेन-देन हो चुका है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 41 लाख करोड़ रुपए था।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास है।

**News Paper of 10 March, 2022**

- **भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस.श्रीसंत ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लिया–**

9 मार्च, 2022 को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस.श्रीसंत ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास ले लिया। एस. श्रीसंत वर्ष 2007 में भारतीय क्रिकेट की टी-20 विश्वकप टीम और वर्ष 2011 में वनडे विश्वकप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

एस.श्रीसंत ने 27 टेस्ट मैच में 87 विकेट और 53 वनडे मैचों में 75 विकेट लिए हैं।

- **नीट-यूजी (स्नातक मेडिकल प्रवेश परीक्षा) के लिए अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता समाप्त की गई–**

मार्च, 2022 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने स्नातक मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के लिए अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता को समाप्त कर दिया। यह छूट नीट-यूजी 2022 से लागू होगी। न्यूनतम आयु सीमा पूर्व की तरह 17 वर्ष ही रहेगी।

अब तक नीट-यूजी आवेदन के लिए अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए 25 साल और आरक्षित वर्ग के लिए 30 साल थी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने सीरम इंस्टीट्यूट की कोविड-19 वैक्सीन कोवोवेक्स को 12-17 आयुवर्ग के लिए आपातकालीन उपयोगी की मंजूरी दी–**
मार्च, 2022 में ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI) ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविड-19 वैक्सीन कोवोवैक्स को शर्तों के साथ 12-17 वर्ष आयुवर्ग के लिए सीमित आपातकालीन उपयोग की अनुमति दी है। यह टीका 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के लोगों के बीच उपयोग के लिए DCGI की अनुमति हासिल करने वाला चौथा टीका है।

- **एमसीसी ( मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ) ने क्रिकेट नियमों में बदलाव को मंजूरी दी–**
हाल ही में मार्च, 2022 में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट नियमों के बदलाव को मंजूरी दी है अब–
क्रिकेट में 'मांकडिंग' अब 'अनफेयर प्ले' नहीं 'रन आउट' कहलाएगा। 'मांकडिंग' का तात्पर्य होता है कि गेंदबाजी करते समय एक्शन लेते समय बॉलर गेंद डालने के बजाय नॉन-स्ट्राइकर एंड की गिल्लियां उड़ा दे, ऐसे में क्रीज से बाहर होने की सूरत में नॉन-स्ट्राइकर बल्लेबाज को आउट करार दे दिया जाता है।

**News Paper of 11 March, 2022**

- **5 राज्यों-उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवा के विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित हुए–**
10 मार्च, 2022 को 5 राज्यों-उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड मणिपुर और गोवा विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित हुए। इन पाँचों राज्यों के चुनाव परिणामों में उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड मणिपुर और गोवा में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त मिली वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी शीर्ष स्थान पर रही।
**चुनाव परिणाम निम्न रहे–**

| उत्तर प्रदेश-( कुल सीटें-403 ) | | |
|---|---|---|
| **दल** | **सीटें जीती** | **वोट मिले** |
| भारतीय जनता पार्टी | 273 | 41.3% |
| समाजवादी पार्टी | 125 | 32.00% |
| कांग्रेस पार्टी | 2 | 2.3% |
| बहुजन समाजवाद पार्टी | 1 | 12.8% |
| अन्य | 2 | 8.9% |

| पंजाब-( कुल सीटें-117 ) | | |
|---|---|---|
| **दल** | **सीटें जीती** | **वोट मिले** |
| आम आदमी पार्टी | 92 | 42% |
| कांग्रेस पार्टी | 18 | 23% |
| शिरोमणी अकाली दल | 3 | 18.40% |
| भारतीय जनता पार्टी | 2 | 6.6% |
| अन्य | 2 | 9.8% |

| उत्तराखण्ड-( कुल सीटें-70 ) | | |
|---|---|---|
| **दल** | **सीटें जीती** | **वोट मिले** |
| भारतीय जनता पार्टी | 47 | 44.3% |
| कांग्रेस पार्टी | 19 | 37.9% |
| अन्य | 4 | 17.8% |

| गोवा-( कुल सीटें-40 ) | | |
|---|---|---|
| **दल** | **सीटें जीती** | **वोट मिले** |
| भारतीय जनता पार्टी | 20 | 33.3% |
| कांग्रेस पार्टी | 11 | 25.2% |
| आम आदमी पार्टी | 02 | 2.7% |
| अन्य | 07 | 12.8% |

| मणिपुर-( कुल सीटें-60 ) | | |
|---|---|---|
| **दल** | **सीटें जीती** | **वोट मिले** |
| भारतीय जनता पार्टी | 32 | 37.8% |
| कांग्रेस पार्टी | 5 | 16.8% |
| एनपीएफ | 5 | 8.1% |
| एनपीपी | 7 | 17.2% |
| अन्य | 11 | 20.1% |

- **दक्षिण कोरिया के नये राष्ट्रपति यूं सुक-योल चुने गए–**
हाल ही में मार्च, 2022 में दक्षिण कोरिया के नये राष्ट्रपति विपक्षी कंजवैटिव पीपुल्स पावर पार्टी के प्रत्याशी यूं सुक-योल चुने गए है। उन्होंने ली जे मायंग को हराकर यह पद प्राप्त किया।

- **देश का पहला ड्रोन स्कूल ग्वालियर में खुला–**
10 मार्च, 2022 को देश का पहला ड्रोन स्कूल मध्यप्रदेश के ग्वालियर में खुला। ड्रोन स्कूल का उद्घाटन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी एंड साइंस (एम आई टी एस) में किया।
मध्य प्रदेश में कुल 5 ड्रोन स्कूल खोले जाने प्रस्तावित है।

**News Paper of 12 March, 2022**

- **पोकरण में धनुष तोप (गन) का सफल ट्रायल –**

11 मार्च, 2022 को देशी बोफोर्स के नाम से मशहूर धनुष तोप (गन) का पोकरण में अंतिम सफल ट्रायल हुआ। ट्रायल सफल रहने के बाद अब इसे–भारतीय थल सेना में शामिल किया जाएगा। भारत को इस तरह की तोप 35 वर्ष बाद मिली है, इससे पहले वर्ष 1987 में स्वीडिश बोफोर्स तोप भारतीय सेना के लिए खरीदी गई थी।
धनुषतोप के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण तथ्य–

- 38 किलोमीटर तक मारक क्षमता है।
- 30 सैकंड में 3 राउण्ड तक फायर करती है।
- 3 से 70 डिग्री तक बैरल का घुमाव है।
- धनुष तोप का वजन 13 टन है।
- एक धनुष तोप की कीमत 16 करोड़ रुपये है।
- धनुष तोप को टुकड़ों में बाँटकर पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों में भी ले जाया जा सकता है।
- धनुष तोप को 8 जवान ऑपरेट करते हैं।

**News Paper of 13 March, 2022**

- **डिफेंस फैक्ट्री ने सिक्ख सैनिकों के लिए कॉम्बेट हेलमेट बनाया–**

हाल ही में कानपुर डिफेंस फैक्ट्री ने सिक्ख सैनिकों के लिए कॉम्बेट हेलमेट बनाया है। इस हेलमेट का नाम 'वीर हेलमेट' है। इस हेलमेट का डिजाइन बोल्ट–मुक्त है, जो सेकेंडरी फ्रेग्मेंटेशन से बचाने के लिए है। इस हेलमेट पर केमिकल का भी कोई असर नहीं होता है।

- **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ ने ईपीएफ पर ब्याज 8.5 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत किया–**

मार्च, 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ ने नौकरी पेशा लोगों के लिए ईपीएफ पर वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर कम की है। अब यह पहले के 8.5 प्रतिशत से 0.40 प्रतिशत घटकर 8.1 प्रतिशत रहेगी।

**News Paper of 14 March, 2022**

- **रोनाल्डो 807 गोल के साथ फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बने–**

पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए है। उन्होंने यह उपलब्धि प्रीमियर लीग में टॉटनेहम के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। अब उनके 807 गोल हो गए है। रोनाल्डों ने अपने कॅरियर की 59वीं हैट्रिक भी लगाई।
रोनाल्डो के बाद जोसफ बिकेन का नाम आता है, उनके 805 गोल है।

**टॉप-5 गोल स्कोरर (फीफा द्वारा मान्यता प्राप्त)**

| खिलाड़ी | गोल | मैच |
|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | 807 | 1110 |
| जोसफ बिकेन | 805 | 530 |
| रोमारियो | 772 | 994 |
| मेसी | 759 | 961 |
| पेले | 757 | 831 |

- **रंजीत रथ ऑयल इंडिया लि. के चेयरमैन बने–**

हाल ही में मार्च, 2022 में रंजीत रथ को ऑयल इंडिया लि. (आई ओ एल) जो कि देश की दूसरी सबसे बड़ी सरकारी तेल कंपनी है, के चेयरमैन पद के लिए चुना गया है। रंजीत रथ वर्तमान में मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन के चेयरमैन है। ऑयल इंडिया के वर्तमान चेयरमैन सुशील चंद मिश्रा 30 जून, 2022 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनके सेवानिवृत्ति के बाद रंजीत रथ ऑयल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पद को ग्रहण करेंगे।

- **डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) ने पालनपुर से रेवाड़ी के बीच ट्रक ऑन ट्रेन सेवा शुरु की –**

रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने हाल ही में पालनपुर से रेवाड़ी के बीच ट्रक ऑन ट्रेन सेवा शुरु की है। इस ट्रक ऑन ट्रेन सेवा में गुड्स से लदे ट्रकों को मालगाड़ियों के जरिये एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाया जाएगा। ट्रक ऑन ट्रेन सेवा शुरु होने से मालभाड़े में 50 प्रतिशत की कमी आएगी तथा पर्यावरण को भी लाभ होगा।

**News Paper of 15 March, 2022**

- **नटराज चंद्रशेखरन को टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया का नया चेयरमैन नियुक्त किया–**

हाल ही में मार्च, 2022 में टाटा समूह ने नटराजन चंद्रशेखर को एयर इंडिया का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। वर्तमान में चंद्रशेखरन टाटा समूह के चेयरमैन (प्रमुख) हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **भारतीय जूनियर हैंडबॉल महिला टीम ने एशियन चैंपियनशिप खिताब जीता–**

14 मार्च, 2022 को भारत की जूनियर हैंडबाल महिला टीम ने पहली बार एशियन चैंपियनशिप खिताब जीता है। भारतीय महिला हैंडबाल टीम ने इस चैंपियनशिप के फाइनल में थाइलैंड को 41–18 से हराया।

भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को जूनियर और सीनियर स्तर पर किसी में भी यह पहला अन्तर्राष्ट्रीय खिताब मिला है।

**News Paper of 17 March, 2022**

- **भगवंत मान ने पंजाब के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली–**

16 मार्च, 2022 को पंजाब विधानसभा परिणामों के बाद आम आदमी पार्टी 'आप' के मुख्यमंत्री पद के दावेदार भगवंत मान ने पंजाब के 17वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह, शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़ कलां में हुआ। मुख्यमंत्री बने भगवंत मान को राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

**News Paper of 20 March, 2022**

- **भारतवंशी पुनीत तलवार मोरक्को के राजदूत के लिए नामित हुए–**

हाल ही में मार्च, 2022 में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतवंशी पुनीत तलवार को मोरक्को के राजदूत के रूप में नामित किया है।

- **वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट जारी: भारत की रैंकिंग 136वें स्थान पर–**

हाल ही में जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 136वीं रही है, गत वर्ष यह 139वें स्थान पर थी। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के 10वें संस्करण के अनुसार शीर्ष पाँच देशों में क्रमश: फीनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्विट्जरलैंड और नीदरलैंड का स्थान आता है। अमरीका 16वें स्थान पर है।

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट यूएन स्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन द्वारा तैयार की जाती है, इसमें किसी देश की जीडीपी, निजी स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार के स्तर जैसे कारकों से खुशी के स्तर का मूल्यांकन किया जाता है।

- **जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच 14वीं शिखर वार्ता हुई : जापान 5 वर्ष में भारत में ₹3.2 लाख करोड़ का निवेश करेगा–**

19 मार्च, 2022 को जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच नई दिल्ली में 14वीं शिखर वार्ता हुई। इस शिखर वार्ता के तहत जापान अगले 5 वर्ष में भारत में ₹3.2 लाख करोड़ का निवेश करेगा।

जापान ने वर्ष 2014 में की गई निवेश प्रोत्साहन साझेदारी के तहत भारत में निवेश लक्ष्य की घोषणा की है।

इससे पूर्व भारत-जापान शिखर वार्ता अक्टूबर, 2018 में टोक्यो में हुई थी। इस 14वीं शिखर वार्ता/बैठक में दोनों देशों ने 6 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

इस शिखर वार्ता में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को चंदन की लकड़ी से निर्मित 'कृष्ण पंखी' भेंट की।

**News Paper of 22 March, 2022**

- **राष्ट्रपति भवन में 128 विभूतियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया–**

21 मार्च, 2022 को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 128 विभूतियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें राजस्थान से देवेन्द्र झाझड़िया, राजीव महर्षि, अवनी लेखरा, चंद्रप्रकाश द्विवेदी और रामदयाल शर्मा सम्मानित हुए।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 128 विभूतियों को जिसमें सबसे अधिक उम्र 125 वर्ष के योगगुरु स्वामी शिवानंद, जो कि भारतीय जीवन पद्धति व योग में विशिष्ट योगदान के लिए जाने जाते हैं सहित सम्मानित किया।

- **ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 29 ऐतिहासिक धरोहर (पुरावशेष) लौटाए–**

हाल ही में मार्च, 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 29 धरोहर (पुरावशेष) लौटाए हैं, जिनमें भगवान शिव, विष्णु और जैन परम्परा आदि से सम्बन्धित तस्वीरें व कलाकृतियां शामिल है। इन 29 पुरावशेष में कुछ 9वीं व 10वीं शताब्दी ईस्वी पूर्व के हैं।

- **दिल्ली के अस्पतालों में 'प्रसादम्' रथ सेवा शुरू–**

21 मार्च, 2022 को लोकसभा अध्यक्ष 'ओम बिरला' ने दिल्ली के अस्पतालों में 'प्रसादम' रथ सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस सेवा को राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग अस्पताल, सफदरगंज अस्पताल सहित दिल्ली के 6 अस्पतालों के लिए शुरू किया गया। इस सेवा के माध्यम से नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 23 March, 2022

- **भिवाड़ी दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर : नई दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी–**

हाल ही में आयी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट-2021 के अनुसार राजस्थान का भिवाड़ी शहर 106.2 पीएम 2.5 के आंकड़ो के साथ दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर तथा नई दिल्ली 96.4 पीएम 2.5 के आंकड़ों के साथ सबसे प्रदूषित राजधानी है। भारत विश्व का पांचवा सबसे प्रदूषित देश है।

- ♦ दुनिया के 5 सबसे प्रदूषित देश क्रमश: बांग्लादेश, चाड, पाकिस्तान, तजाकिस्तान और भारत हैं।
- ♦ दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहर क्रमश: भिवाड़ी (राज., भारत), गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश, भारत), हातोन (चीन), दिल्ली (भारत), जौनपुर (उत्तरप्रदेश, भारत), फैसलाबाद (पाकिस्तान), नोएडा (उत्तर प्रदेश, भारत), बहावलपुर (पाकिस्तान), पेशावर (पाकिस्तान) और बागपत (उत्तर प्रदेश, भारत) है।
- ♦ दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में 63 भारत के हैं जिनमें प्रमुख निम्न है–

| शहर | प्रदूषण का स्तर | विश्व में रैंक |
|---|---|---|
| भिवाड़ी | 106.2 | 1 |
| गाजियाबाद | 102 | 2 |
| दिल्ली | 96.4 | 4 |
| जौनपुर | 95.3 | 5 |
| नोएडा | 91.4 | 7 |
| जोधपुर | 67.4 | 45 |
| कोटा | 57 | 69 |
| जयपुर | 55.6 | 70 |

## News Paper of 24 March, 2022

- **35वें पूर्व जस्टिस ऑफ इंडिया आर.सी.लोहाटी का निधन–**

23 मार्च, 2022 को सुप्रीम कोर्ट के 35वें चीफ जस्टिस रमेश चंद्र लोहाटी का निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे।

रमेश चंद्र लोहाटी 9 दिसम्बर, 1998 से 31 अक्टूबर, 2005 तक सुप्रीम कोर्ट के जज रहे। वह 1 जून, 2004 को सर्वोच्च न्यायालय के 35वें मुख्य न्यायाधीश (चीफ जस्टिस) नियुक्त हुए तथा 1 नवम्बर, 2005 को चीफ जस्टिस पद से सेवानिवृत्त हुए।

- **पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड के 12वें मुख्यमंत्री बने–**

23 मार्च, 2022 को पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड के 12वें मुख्यमंत्री बने। वे उत्तराखण्ड के दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री पद की शपथ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने दिलाई।

## News Paper of 25 March, 2022

- **IPL टीम 'चेन्नई सुपर किंग्स' के कप्तान रवीन्द्र जड़ेजा बने–**

24 मार्च, 2022 को आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रवीन्द्र जड़ेजा बने हैं। इनसे पहले महेन्द्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान थे। चेन्नई सुपर किंग्स 4 बार आईपीएल जीतने वाली सबसे सफल टीम है।

## News Paper of 26 March, 2022

- **आदित्य नाथ योगी उत्तर प्रदेश के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने: दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए गए–**

25 मार्च, 2022 को आदित्य नाथ योगी ने उत्तर प्रदेश के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आदित्य नाथ योगी के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक दो उपमुख्यमंत्री बने। अन्य में 16 केबिनेट मंत्री, 14 स्वतंत्र प्रभार और 20 राज्य मंत्री बनाए गए। इन सभी को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलवाई।

उत्तर प्रदेश सरकार के नवनियुक्त मंत्रिमंडल में एकमात्र मुस्लिम मंत्री दानिश आजाद अंसारी (अल्पसंख्यक मंत्री) को बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के नवनियुक्त मंत्रिमण्डल में कुल 52 मंत्री बनाए गए हैं।

- **पंजाब सरकार ने एक से अधिक बार विधायक रहे सदस्यों को एक ही टर्म की पेंशन देने की घोषणा की–**

25 मार्च, 2022 को पंजाब सरकार ने एक से अधिक बार विधायक रहे सदस्यों को एक ही टर्म की पेंशन देने की घोषणा की है, चाहे वह विधायक कितनी बार ही विधायक क्यों न रहा हो।

## News Paper of 27 March, 2022

- **ऋतु खंडूरी भूषण उत्तराखण्ड की पांचवी विधानसभा की पहली महिला स्पीकर (अध्यक्ष) बनीं–**

26 मार्च, 2022 को उत्तराखंड की पांचवी विधानसभा की पहली

महिला स्पीकर (अध्यक्ष) ऋतु खंडूरी भूषण बनी है। इस तरह विधानसभा अध्यक्ष बनने वाली वे पहली महिला हैं। इनके पिता भुवन चन्द खंडूरी उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं।

## News Paper of 28 March, 2022

- **अरूणाचल प्रदेश कोरोनामुक्त पहला प्रदेश बना–**

27 मार्च, 2022 को अरूणाचल प्रदेश भारत का कोरोना मुक्त पहला राज्य बना। अरूणाचल प्रदेश में 27 मार्च, 2022 को कोरोना संक्रमित एक भी मरीज नहीं रहा।

- **टोल टैक्स कलेक्शन का सिस्टम बदलेगा : जीपीएस ट्रेकिंग से टोल वसूली होगी–**

टोल टैक्स कलेक्शन का सिस्टम फास्टेग से बदलकर जल्द ही जीपीएस के जरिये होना प्रस्तावित है। इसे 'सेटेलाइट नेविगेशन टोलिंग सिस्टम' कहते हैं। इस जीपीएस सिस्टम के लागू होने के बाद टोल प्लाजा की आवश्यकता नहीं होगी। इस सिस्टम के तहत टोल के लिए चिन्हित सड़क पर गाड़ी जितने किमी. चलेगी उसी हिसाब से टोल राशि लगेगी। इसमें किमी. की गणना के हिसाब से गाड़ी मालिक के खाते से टोल कट जाता है।

भारत में प्रायोगिक तौर पर इस सिस्टम के तहत 1.37 लाख वाहनों को ट्रायल में शामिल किया गया है।

- **यूनाइटेड नेशन्स इन्वॉयरमेंट प्रोग्राम (यूएनईपी) की ध्वनि प्रदूषण रिपोर्ट जारी : 55 डेसिबल से अधिक शोर घातक: भारत ध्वनि प्रदूषण के शीर्ष देशों में शामिल–**

हाल ही में जारी यूनाइटेड नेशन्स एन्वॉयरमेंट प्रोग्राम (यूएनईपी) की ध्वनि प्रदूषण की रिपोर्ट के अनुसार भारत ध्वनि प्रदूषण के मामले में विश्व के शीर्ष देशों में शामिल है। ध्वनि प्रदूषण के शीर्ष देशों में दक्षिण एशियाई देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि हैं। ध्वनि प्रदूषण की रिपोर्ट में वायु, सड़क, रेलवे और औद्योगिक मशीनों का ध्वनि प्रदूषण शामिल किया जाता है। 55 डेसिबल से अधिक शोर घातक माना जाता है अर्थात् ध्वनि प्रदूषण के अन्तर्गत आता है।

**भारत के शीर्ष 5 ध्वनि प्रदूषण शहर निम्न है–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. मुरादाबाद | – | 114 डेसिबल |
| 2. कोलकाता | – | 89 डेसिबल |
| 3. आसुनसोल | – | 89 डेसिबल |
| 4. जयपुर | – | 84 डेसिबल |
| 5. दिल्ली | – | 83 डेसिबल |

- **भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिन्धू ने स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीता–**

27 मार्च, 2022 को भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिन्धु ने स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीता। उन्होंने यह खिताब पहली बार जीता है।

पी.वी. सिन्धु स्विस ओपन खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला एकल खिलाड़ी हैं। इनसे पहले साइना नेहवाल दो बार यह खिताब वर्ष 2011 और 2012 में जीत चुकी हैं। महिला एकल के फाइनल मुकाबले में पी.वी. सिन्धु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान को सीधे सेटों में 21-16, 21-8 से हराया।

- **94वां ऑस्कर पुरस्कार, 2022 प्रदान किए गए–**

27 मार्च, 2022 को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में 94वां ऑस्कर पुरस्कार, 2022 प्रदान किए गए। इसका आयोजनकर्ता एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एण्ड साईंस (AMPAS) है। ऑस्कर पुरस्कार के अन्तर्गत 1 मार्च, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक के बीच रिलीज हुई सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित किया गया। ऑस्कर की शुरूआत 16 मई, 1929 को हुई थी।

**ऑस्कर, 2022 के प्रमुख पुरस्कार निम्न रहे–**

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म** – कोडा
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** – विल स्मिथ (फिल्म: किंग रिचर्ड)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** – जेसिका चैस्टेन (द आइज ऑफ टेमीफे)
- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** – जेन कैंपियन (फिल्म: द पॉवर ऑफ डॉग)
- **सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म** – ड्राइव माय कार

## News Paper of 29 March, 2022

- **प्रमोद सावंत गोवा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने–**

28 मार्च, 2022 को प्रमोद सावंत लगातार दूसरी बार गोवा के मुख्यमंत्री बने हैं। प्रमोद सावंत को मुख्यमंत्री एवं अन्य 8 को मंत्रिपद की राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने पद की शपथ दिलाई।

## News Paper of 30 March, 2022

- **भारतीय नौसेना को दूसरी एयर स्क्वाड्रन आइएनएस-316 मिली–**

29 मार्च, 2022 को भारतीय नौसेना को दूसरी एयर स्क्वाड्रन आइएनएस-316 मिली है। यह स्क्वाड्रन गोवा के दबोलिम में आइएनएस हंसा बेस से काम करेगी। इसमें टोही व पनडुब्बी रोधी चार पी-81 विमान शामिल हैं। यह स्क्वाड्रन हिन्द महासागर में रक्षा-संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 31 March, 2022

- **विकास कुमार दिल्ली मेट्रो (DMRC) के नए एम.डी. (प्रबंध निदेशक) बने–**

केन्द्र सरकार ने आइआरएस अधिकारी विकास कुमार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) का नया एम.डी. (प्रबंध निदेशक) बनाया है। विकास कुमार 1 अप्रेल, 2022 से कार्यभार ग्रहण करके 5 वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। विकास कुमार वर्तमान में दिल्ली मेट्रो (DMRC) में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस के पद पर कार्यरत हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के वर्तमान एम.डी. (प्रबंध निदेशक) मंगू सिंह 31 मार्च, 2022 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

- **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने ₹6062.45 करोड़ की एमएसएमई सेक्टर को राहत देने वाली योजना को मंजूरी दी: 5.55 लाख एमएसएमई को मदद मिलेगी–**

30 मार्च, 2022 को केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने ₹6062.45 करोड़ की एमएसएमई सेक्टर को राहत देने वाली योजना राइजिंग एंड एसेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) को मंजूरी दी। इस योजना रैम्प में एमएसएमई मंत्रालय के तहत विभिन्न योजनाएं चलाई जाएंगी। इसका उद्देश्य बाजार और लोन तक एमएसएमई की पहुंच में सुधार करना है तथा केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों और साझेदारी में सुधार करना है।

**योजना की विशेषता–**

- ♦ रैम्प मुश्किल समय से गुजर रहे एमएसएमई सेक्टर के ग्रोथ में मदद करेगा।
- ♦ क्षमता निर्माण, क्वालिटी सुधारने के साथ टेक्नोलॉजी अपग्रेड करेगा।
- ♦ निर्यात बढ़ाने व घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा।
- ♦ इसमें 5.55 लाख एमएसएमई को विशेष रूप से बेहतर प्रदर्शन के लिए टारगेट किया गया है।
- ♦ 70,500 महिला एमएसएमई तैयार करने की प्लानिंग है।

- **केन्द्रीय केबिनेट ने 15 लड़ाकू हेलिकॉप्टर खरीद को मंजूरी दी–**

30 मार्च, 2022 को सुरक्षा मामलों की केबिनेट समिति ने हल्के वजन वाले 15 लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी। इसमें 10 हेलिकॉप्टर वायुसेना और 5 सेना के लिए होंगे।

इन पर ₹3887 करोड़ खर्च होंगे। ये हेलिकॉप्टर ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र में लड़ाई के दौरान उपयोगी है।

- **हाइड्रोजन ईंधन चलित कार का पायलट प्रोजेक्ट किया गया–**

30 मार्च, 2022 को केन्द्र सरकार के हाइड्रोजन चलित कार के पायलट प्रोजेक्ट के तहत केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री इससे संसद भवन पहुँचे।

हाइड्रोजन चलित कार में एक बार में करीब 5.50 किलो तक ग्रीन हाइड्रोजन भरा जाएगा। मार्च, 2022 में भारत में हाइड्रोजन से चलने वाली टोयोटा मिराई लॉन्च की गई थी। ग्रीन हाइड्रोजन भारत के ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम होने के साथ पर्यावरण के अनुकूल है।

ग्रीन हाइड्रोजन ऑर्गेनिक वेस्ट या पानी से बनती है।

❑❑❑

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**47 वर्षों से विश्वसनीय एवं लोकप्रिय संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें बाजार में उपलब्ध**












**पुस्तकों की विशेषताएँ**

✪ नवीनतम पाठ्यक्रम का सम्पूर्ण समावेश ✪ सभी टॉपिक्स पर विस्तृत एवं सटीक विषय सामग्री ✪ परीक्षा में संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का विशाल संग्रह ✪ विगत परीक्षाओं के हल प्रश्न पत्र ✪ राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल व D.EL.ED. (BSTC) गाइड के साथ विगत परीक्षाओं के हल प्रश्न पत्रों की पुस्तिका निःशुल्क ✪ अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार ✪ ग्राम विकास अधिकारी का प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम समान है।

**अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से आज ही खरीदें।**

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

राजस्थान की आर्थिक समीक्षा 2021-22 का सार संग्रह; राजस्थान के बजट 2022-23 का सार संग्रह; राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( जनवरी 2021 से प्रत्येक माह )

**प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com